दिनांकः 12.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए आज से प्रभारी सचिव और प्रभारी मंत्री जिलों के दौरों पर–मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश।
- राजस्थान के बिजली घरों को कोयले की आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने हसदेव अरण्य कोल फील्ड में खनन की अनुमति दी।
- केन्द्रीय सशस्त्र बल भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण करेंगे लागू।
- प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर मॉनसून की अच्छी बारिश।

....................

राज्य की बजट घोषणाओं को समय पर पूरा कर धरातल पर उतारने के लिए आज से 14 जुलाई तक प्रभारी सचिव और प्रभारी मंत्री जिलों का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल मंत्रियों और विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों की बैठक ली और 10 जुलाई को पेश हुए परिवर्तित बजट 2024–25 में की गई घोषणाओं को तेजी से पूरा किये जाने की कार्य योजना बताई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रभारी सचिव और मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक बाधाओं को चिन्हित करेंगे। वे भूमि चिन्हीकरण और आवंटन को गति देने का भी काम करेंगे। प्रभारी मंत्री 14 जुलाई को जिलों में प्रभारी सचिवों के साथ इस सम्बन्ध में हुई प्रगति की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को 15 दिन के अंतराल पर अपने विभाग की बजट घोषणाओं पर हुई प्रगति की विभागीय स्तर पर समीक्षा करने के भी निर्देश दिये हैं।

....................

राज्य विधानसभा में आज नगरीय विकास विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा विभाग की 17 अधिसूचनाएं पेश करेंगे। सदन के पटल पर विभिन्न वार्षिक प्रतिवेदन भी रखे जाएंगे। पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी महात्मा गांधी नरेगा योजना का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। सदन में उच्च–तकनीकी शिक्षा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, जल संसाधन, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, वन, सहकारिता, और शहरी विकास से संबंधित सवाल–जवाब होंगे। विधानसभा की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। तारांकित प्रश्नों की सूची में 23 प्रश्न शामिल किये गये हैं, जबकि अतारांकित प्रश्नों की सूची में 20 प्रश्न हैं।

....................

राजस्थान के बिजली घरों को कोयले की आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने कोल ब्लॉकों की वनभूमि का उपयोग करने की अनुमति दी है। छत्तीसगढ़ सरकार के इस फैसले से राजस्थान के 4 हजार 340 मेगावाट क्षमता की तापीय विद्युत परियोजनाओं को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इससे हसदेव अरण्य कोलफील्ड में संचालित परसा ईस्ट और कांता बासन कोल ब्लॉक–पीईकेबी की 91 दशमलव दो एक हेक्टयर वनभूमि का उपयोग किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनुमति दिये जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया है। श्री साय को लिखे पत्र में श्री शर्मा ने पीईकेबी कोल ब्लॉक से खनन कार्य निरंतर जारी रखने और मौजूदा वित्तीय वर्ष में 18 एमटीपीए की उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए आगामी वर्षों में भूमि की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया।

....................

प्रदेश के 5 आकांक्षी जिलों और 27 आशान्वित उपखंडों में चलाए जा रहे सम्पूर्णता अभियान के तहत बारां जिले और किशनगंज ब्लॉक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों के आधार पर कार्य योजना बनाकर कैम्प मोड पर काम किया जा रहा है। जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि जिले का निर्धारित लक्ष्य तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

...................

केंद्रीय सशस्त्र बल, भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने इसकी घोषणा की है। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल जैसे केंद्रीय बलों के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती का एक बड़ा कदम उठाया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सी. आई.एस.एफ. ने भी इस संबंध में सभी प्रबंध कर लिए हैं। बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा कि इससे सभी बल लाभान्वित होंगे।

...................

रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने फैसले के बाद कहा कि आर.पी.एफ. पूर्व अग्निवीरों के स्वागत के लिए उत्साहित है। वहीं सशस्त्र सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह ने कहा कि उनके यहां भी पूर्व अग्निवीरों के लिए कांस्टेबल की 10 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित की गई हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने बताया कि अग्निवीर एक परिसंपत्ति साबित होंगे क्योंकि उन्होंने सेना में रहते हुए अनुशासन सीखा है।

...................

सी.बी.आई. ने नीट पेपर लीक मामले के सरगना राकेश रंजन उर्फ रॉकी को गिरफ्तार कर लिया है। रॉकी इस रैकेट के एक अन्य प्रमुख व्यक्ति संजीव मुखिया से भी जुड़ा हुआ है, जो दो दशकों से घोटाले में शामिल है और फिलहाल फरार चल रहा है। रॉकी की गिरफ्तारी से सी.बी.आई. को घोटाले की जांच में मदद मिल सकती है। जांच एजेंसी ने अब तक इस मामले में झारखंड के हज़ारीबाग़ के स्कूल के प्रधानाचार्य और उप–प्रधानाचार्य सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। अब तक प्रकरण में छह एफ. आई.आर. दर्ज की गई हैं।

...................

जोधपुर के माचिया बायोलॉजिकल पार्क में जल्द ही छत्तीसगढ़ के बब्बर शेरों की दहाड़ सुनाई देगी। एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत सेंट्रल जू अथॉरटी से अनुमति मिलने के बाद वन विभाग ने छत्तीसगढ़ के रायपुर नंदनवन जू से बब्बर शेरों का जोड़ा लाने की तैयारी शुरू कर दी है। लायन के जोड़े की एवज में जोधपुर वन विभाग दो जोड़े चिंकारा नंदनवन जू भेजेगा। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...................

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर मॉनसून की अच्छी बारिश हुई। राजधानी जयपुर और आस–पास के इलाकों में कल देर शाम हुई तेज बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया। अजमेर में करीब सप्ताह भर बाद कई क्षेत्रों में बारिश होने से लोगों को गर्मी से निजात मिली। हनुमानगढ और श्रीगंगानगर में बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। भरतपुर में कल शाम करीब दो घंटे तक हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

तेज हवा के चलने से जिले में कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिर गये। मौसम विभाग के अनुसार आज चूरू, झुंझुनूं, सीकर और शेखावाटी क्षेत्र के अलावा जयपुर, भरतपुर, अलवर, दौसा और पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर और श्रीगंगानगर तथा हनुमानगढ जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

...................